सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 फाल्गुन 14, गुरुवार, शाके 1947–मार्च 5, 2026 अंक 49
Vol. 77 Phalguna 14, Thursday, Saka 1947–March 5 , 2026 No. 49

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ पत्र

मैं सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री नाथूलाल जी शर्मा जाति ब्राहमण निवासी पार्श्वनाथ कॉलोनी, कृष्णानगर, अजमेर रोड़, केकड़ी तहसील केकड़ी जिला अजमेर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ :–

1. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र दीपक शर्मा को स्कूल में भर्ती करवाते समय भूल व सहवन से उसके पिता यानि मेरा नाम सुरेश शर्मा दर्ज करवा दिया गया है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता का सही व वास्तविक नाम सुरेश कुमार शर्मा है, जो सही व सत्य है। मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में भी मेरा नाम सुरेश कुमार शर्मा ही दर्ज है।
3. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र दीपक शर्मा के स्कूल रिकॉर्ड में दीपक शर्मा के पिता का नाम सुरेश शर्मा के स्थान पर सुरेश कुमार शर्मा दर्ज किया जाकर स्कूल रिकार्ड दुरूस्त किया जाना आवश्यक है।
4. यह कि दीपक शर्मा के स्कुल रिकार्ड में दीपक शर्मा के पिता का नाम सुरेश शर्मा के स्थान पर सुरेश कुमार शर्मा दर्ज करवाने हेतु यह शपथ–पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। इसमें किसी प्रकार का उज्र एतराज होगा तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

केकड़ी — सुरेश कुमार शर्मा
दिनांक :– 29.01.2026 — हस्ताक्षर शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता श्री सुरेश कुमार शर्मा सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ–पत्र का पैरा संख्या 1 लगायत 4 मेरी निजी जानकारी में सही व सच है।

केकड़ी — सुरेश कुमार शर्मा
दिनांक :– 29.01.2026 — हस्ताक्षर शपथकर्ता

ATTESTED
MOHAMMED HUSSAIN
NOTARY
KEKRI (AJMER).
33910

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।